गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रस्तुत... 11 नवम्बर से 17 नवम्बर 2018

# गुरुत्व ज्योतिष

साप्ताहिक ई-पत्रिका

## सूर्य उपासना का अद्भुत पर्व सूर्य षष्ठी

**Nonprofit Publications**

FREE
E CIRCULAR

गुरुत्व ज्योतिष
साप्ताहिक ई-पत्रिका
11 नवम्बर से
17 नवम्बर 2018


संपादक

चिंतन जोशी



संपर्क

गुरुत्व ज्योतिष विभाग

गुरुत्व कार्यालय

92/3. BANK COLONY,
BRAHMESHWAR PATNA,
BHUBNESWAR-751018,
(ODISHA) INDIA

फोन

91+9338213418,
91+9238328785,

ईमेल

gurutva.karyalay@gmail.com,
gurutva_karyalay@yahoo.in,

वेब

www.gurutvakaryalay.com
www.gurutvakaryalay.in
http://gk.yolasite.com/
www.shrigems.com
www.gurutvakaryalay.blogspot.com/



पत्रिका प्रस्तुति

चिंतन जोशी,
गुरुत्व कार्यालय

फोटो ग्राफिक्स

चिंतन जोशी,
गुरुत्व कार्यालय


## गुरुत्व ज्योतिष साप्ताहिक ई-पत्रिका में लेखन हेतु फ्रीलांस (स्वतंत्र) लेखकों का स्वागत हैं...✍

गुरुत्व ज्योतिष साप्ताहिक ई-पत्रिका में आपके द्वारा लिखे गये मंत्र, यंत्र, तंत्र, ज्योतिष, अंक ज्योतिष, वास्तु, फेंगशुई, टैरों, रेकी एवं अन्य आध्यात्मिक ज्ञान वर्धक लेख को प्रकाशित करने हेतु भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें।


GURUTVA KARYALAY
BHUBNESWAR-751018, (ODISHA) INDIA
Call Us: 91 + 9338213418,
91 + 9238328785
Email Us:- gurutva_karyalay@yahoo.in,
gurutva.karyalay@gmail.com

# अनुक्रम



## स्थायी और अन्य लेख

प्रिय आत्मिय,

बंधु/ बहिन

जय गुरुदेव

हिन्दू संस्कृति में कार्तिक शुक्ल षष्ठी की तिथि को छठ पर्व, सूर्य षष्ठी पूजा के रुप में मनाया जाता है। भारत के विभिन्न प्रांत में में पुरातन काल से ही सूर्य उपासना का यह अद्भुत पर्व अत्यंत लोकप्रिय रहा हैं। क्योकि हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले यह ज्ञात कर लिया था की, सूर्य जड़-चेतन सभी जीव-जंतु, पेड़-पौधे के लिए जीवन या उर्जा का प्रमुख स्त्रोत है। भारतीय के अलावा विश्व की अन्य पुरातन विकसित संस्कृतियां भी विभिन्न माध्यम से सूर्य की पूजा-अर्चना या अन्य उपायों से सूर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता विभिन्न माध्यम से प्रकट करते आये हैं।

पौराणिक मान्यता है कि सूर्य की उर्जा का मुख्य स्रोत उनकी पत्नीयां उषा और प्रत्यूषा हैं। इस लिए छठ पूजा में सूर्य के साथ उनकी दोनों पत्नियों की भी आराधना होती है। इस लिए प्रात: काल में सूर्योदय काल में सूर्य के साथ उषा का और संध्याकाल में सूर्यास्त के समय में प्रत्यूषा को अर्घ्य देकर दो पत्नीयों का भी पूजन किया जाता है। सूर्य को समर्पित इस छठ पर्व के पूजन हेतु साक्षात भगवान सूर्यनारायण की उपासना से व्रतकर्ता को सुख-शंति, समृद्धि एवं मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति हेतु कामना की जाती हैं। सूर्य षष्ठी के दिन संध्या में श्रद्धालु किसी पवित्र नदी-तालाब के किनारे नदी में स्नान कर भीगे वस्त्रों में डूबते सूरज को अर्घ्य देते हैं। फिर अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ की पूजा संपन्न मानी जाती है। सूर्य षष्ठी व्रत से संबंधित विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं, पाठको की जानकारी हेतु इस अंक में हमनें कुछ विशेष कथाओं को संकलित करने का प्रयास किया है।

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान के पुत्र साम्ब(शाम्ब) हुए । वह कुष्ठ रोगी हो गया था। साम्ब(शाम्ब) ने कुष्ठ से मुक्ति के लिए भगवान सूर्य की जगहों पर 12 सूर्य उपासना के तीर्थों और उसके निकट तालाब का निर्माण कराया था। साम्ब(शाम्ब) इन्हीं तीर्थों में पूजा अर्चना कर व उससे लगे तालाब में स्नान कर कुष्ठ रोग से मुक्त हुआ था। आज भी छठ महापर्व स्नान कर कुष्ठ रोग दूर होता है। चार दिनों का महापर्व चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व बेहद आस्था, निष्ठा व पवित्रता के साथ मनाया जाता है।



आपका जीवन सुखमय, मंगलमय हो परमात्मा की कृपा

आपके परिवार पर बनी रहे। परमात्मा से यही प्राथना हैं...

चिंतन जोशी

## ***** साप्ताहिक ई-पत्रिका से संबंधित सूचना *****

- ई-पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख गुरुत्व कार्यालय के अधिकारों के साथ ही आरक्षित हैं।
- ई-पत्रिका में वर्णित लेखों को नास्तिक/अविश्वासु व्यक्ति मात्र पठन सामग्री समझ सकते हैं।
- ई-पत्रिका के लेख आध्यात्म से संबंधित होने के कारण भारतिय धर्म शास्त्रों से प्रेरित होकर प्रस्तुत किया गया हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित लेख से संबंधित किसी भी विषयो कि सत्यता अथवा प्रामाणिकता पर किसी भी प्रकार की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक कि नहीं हैं।
- ई-पत्रिका में प्रकाशित जानकारीकी प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं और ना हीं प्रामाणिकता एवं प्रभाव की जिन्मेदारी के बारे में जानकारी देने हेतु कार्यालय या संपादक किसी भी प्रकार से बाध्य हैं।
- ई-पत्रिका से संबंधित लेखो में पाठक का अपना विश्वास होना आवश्यक हैं। किसी भी व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार से इन विषयो में विश्वास करने ना करने का अंतिम निर्णय स्वयं का होगा।
- ई-पत्रिका से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।
- ई-पत्रिका से संबंधित लेख हमारे वर्षो के अनुभव एवं अनुशंधान के आधार पर दिए गये हैं। हम किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा प्रयोग किये जाने वाले धार्मिक, एवं मंत्र- यंत्र या अन्य प्रयोग या उपायोकी जिन्मेदारी नहिं लेते हैं। यह जिन्मेदारी मंत्र- यंत्र या अन्य उपायोको करने वाले व्यक्ति कि स्वयं कि होगी।
- क्योकि इन विषयो में नैतिक मानदंडों, सामाजिक, कानूनी नियमों के खिलाफ कोई व्यक्ति यदि नीजी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रयोग कर्ता हैं अथवा प्रयोग के करने मे त्रुटि होने पर प्रतिकूल परिणाम संभव हैं।
- ई-पत्रिका से संबंधित जानकारी को माननने से प्राप्त होने वाले लाभ, लाभ की हानी या हानी की जिन्मेदारी कार्यालय या संपादक की नहीं हैं।
- हमारे द्वारा पोस्ट किये गये सभी जानकारी एवं मंत्र-यंत्र या उपाय हमने सैकडोबार स्वयं पर एवं अन्य हमारे बंधुगण पर प्रयोग किये हैं जिस्से हमे हर प्रयोग या कवच, मंत्र-यंत्र या उपायो द्वारा निश्चित सफलता प्राप्त हुई हैं।
- ई-पत्रिका में गुरुत्व कार्यालय द्वारा प्रकाशित सभी उत्पादों को केवल पाठको की जानकारी हेतु दिया गया हैं, कार्यालय किसी भी पाठक को इन उत्पादों का क्रय करने हेतु किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं करता हैं। पाठक इन उत्पादों को कहीं से भी क्रय करने हेतु पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु आप कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

(सभी विवादो केलिये केवल भुवनेश्वर न्यायालय ही मान्य होगा।)

# सूर्य उपासना का अद्भुत पर्व सूर्य षष्ठी

संकलन गुरुत्व कार्यालय

भारतीय संस्कृति में कार्तिक शुक्ल षष्ठी की तिथि को छठ पर्व, सूर्य षष्ठी पूजा के रुप में मनाया जाता है। भारत के विभिन्न प्रांत में में पुरातन काल से ही सूर्य उपासना का यह अद्भुत पर्व अत्यंत लोकप्रिय रहा हैं। क्योकि हमारे विद्वान ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले यह ज्ञात कर लिया था की, सूर्य जड़-चेतन सभी जीव-जंतु, पेड़-पौधे के लिए जीवन या उर्जा का प्रमुख स्त्रोत है। भारतीय के अलावा विश्व की अन्य पुरातन विकसित संस्कृतियां भी विभिन्न माध्यम से सूर्य की पूजा-अर्चना या अन्य उपायों से सूर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता विभिन्न माध्यम से प्रकट करते आये हैं।

पौराणिक मान्यता है कि सूर्य की उर्जा का मुख्य स्रोत उनकी पत्नीयां उषा और प्रत्यूषा हैं। इस लिए छठ पूजा में सूर्य के साथ उनकी दोनों पत्नियों की भी आराधना होती है। इस लिए प्रात: काल में सूर्योदय काल में सूर्य के साथ उषा का और संध्याकाल में सूर्यास्त के समय में प्रत्यूषा को अर्घ्य देकर दो पत्नीयों का भी पूजन किया जाता है।

सूर्य को समर्पित इस छठ पर्व के पूजन हेतु साक्षात भगवान सूर्यनारायण की उपासना से व्रतकर्ता को सुख-शंति, समृद्धि एवं मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति हेतु कामना की जाती हैं।

सूर्य षष्ठी के दिन संध्या में श्रद्धालु किसी पवित्र नदी-तालाब के किनारे नदी में स्नान कर भीगे वस्त्रों में डूबते सूरज को अर्घ्य देते हैं। फिर अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ की पूजा संपन्न मानी जाती है।

## भगवान राम से जुड़ी पौराणिक कथा

एसी मान्यता है कि चौदह वर्षों के वनवास के पश्चात भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ कार्तिक अमावस्या के दिन अयोध्या लौटे थे इस लिए इस दिन दीपावली मनाई जाती है। भगवान राम के वापस आने की खुसी में उनके राज्य में घी के दिये जलाए गए थे। भगवान राम के राज्याभिषेक के बाद, राम राज्य की कल्पना करके रामजी और सीताजी ने

कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन व्रत-उपवास रखकर सूर्य की आराधना करके सप्तमी के दिन व्रत पूर्ण किया था। सरयू तट पर राम-सीता के इस अनुष्ठान से प्रसन्न होकर भगवान सूर्यदेव ने उन्हें आशीर्वाद दिया था। मान्यता हैं तब से छठ पर्व मनाया जा रहा है।

## श्रीकृष्ण के पुत्र से जुड़ी पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण की आठवीं पत्नी जाम्बवंती से पुत्र साम्ब(शाम्ब) हुए । एक बार साम्ब(शाम्ब) सुबह की बेला में स्नान कर रहे थे, तभी गंगाचार्य ऋषि की नजर साम्ब(शाम्ब) पर पड़ गई। यह देख ऋषि गंगाचार्य आगबबूला हो गए और शाम्ब को कुष्ठ से पीड़ित होने का श्राप दे दिया। जिससे वह कुष्ठ रोगी हो गया था। तब नारद जी ने श्राप से मुक्ति के लिए उन्हें 12 स्थानों पर सूर्य मंदिर की स्थापना कर सूर्य की उपासना का उपाय बताया। देवर्षि नारद जी के कथन से साम्ब(शाम्ब) ने कुष्ठ से मुक्ति के लिए भगवान सूर्य की उपासना का संकल कर, 12 माह में 12 जगहों पर 12 सूर्य उपासना के तीर्थों और उसके निकट तालाब का निर्माण कराया था। जो इस प्रकार हैं देवार्क, लोलार्क, उलार्क, कोणार्क, पुवयार्क, अंजार्क, पंडार्क, वेदार्क, मार्कंडेयार्क, दर्शनार्क, बालार्क व चाणर्क। साम्ब(शाम्ब) इन्हीं सूर्य उपासना केंद्रों में पूजा अर्चना कर व उससे लगे तालाब में स्नान कर कुष्ठ रोग से मुक्त हुआ था। आज भी छठ महापर्व करने वालों की आस्था है कि छठ मइया के प्रताप से कुष्ठ रोगी निरोग हो जाता है। चार दिनों का महापर्व चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व बेहद आस्था, निष्ठा व पवित्रता के साथ मनाया जाता है।

## विश्वामित्र से जुड़ी पौराणिक कथा

अन्य मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन सूर्यास्त एवं सप्तमी के दिन सूर्योदय के मध्य भगवान सूर्य की आराधना करते हुए विश्वामित्र के मुख से आकस्मिक रुप से वेदमाता गायत्री प्रकट हो गई थीं तभी से कार्तिक शुक्ल षष्ठी की तिथि को छठ पर्व मनाया जा रहा है।

## पांडव से जुड़ी पौराणिक कथा

एक अन्य मान्यता है कि जुए में पांडव अपना राजय हार कर जंगल में भटक रहे थे, इस संकट से मुक्ति पाने के लिए स्वयं द्रौपदी ने सूर्यदेव की आराधना करते हुए छठ का व्रत किया था। सूर्यदेव की प्रसन्नता से पांडवों को आना खोया राजय, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा सब पुनः प्राप्त हुआ।

## महर्षि मनु के पुत्र से जुड़ी पौराणिक कथा

एक अन्य कथा के अनुसार महर्षि मनु के पुत्र राजा प्रियव्रत को विवाह के पश्च्यात अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई संतान नहीं हुई, तो महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन कराकर उनकी पत्नी को प्रसाद दिया। यज्ञ के प्रभाव व ऋषि के प्रसाद से रानी को गर्भ ठहर गया, लेकिन रानी ने एक मृत पुत्र को जन्म दिया, जिसे देखकर रानी उस क्षण ही मूर्च्छित हो गईं। प्रियव्रत ने भी प्राण त्यागने का निश्चय किया और मृत शिशु को लेकर श्मशान की दिशा में निकल गए। उसी समय षष्ठी देवी वहां प्रकट हुईं। राजा ने मृत शिशु को जमीन पर रखकर, देवी को प्रणाम किया। देवी ने राजा को षष्ठी व्रत करने का उपाय बताया और मृत शिशु को पुनः जीवित कर दिया। राजा शिशु पुत्र को लेकर घर वापस लौट गये और विधि-विधान से षष्ठी देवी का पूजन किया।

## स्कंध से जुड़ी पौराणिक कथा

एक अन्य कथा के अनुसार देवी गंगा ने एक स्कंध बालक को जन्म दिया और उसे सरकंडे के वन में रख दिया। उसी वन में छह कार्तिकाएं निवास करती थीं। उन सब छह कार्तिकाओं ने उस स्कंध बालक का लालन-पालन किया। यह स्कंध बालक को छह कार्तिकाओं ने बड़ा किया या यह बालक उन्हें कार्तिक के माह में मिला था इस कारण उस स्कंध बालक का नाम आगे कार्तिकेय पड़ गया। इसी कारण ये छह कार्तिकाएं,

कार्तिकेय की षष्ठ माताएं (छठ माता या छठी मईया ) कही गईं। पौराणिक ग्रंथों में यह व्रत स्कंध षष्ठी के नाम से वर्णित है।

## कार्तिकेय से जुड़ी पौराणिक कथा

एक अन्य कथा के अनुसार, असुरों के विनाश के लिए देवाताओं ने देवी पार्वतीजी व भगवान शंकरजी के पुत्र कार्तिकेयजी को अपना सेनापति निर्धारित किया था। देवी पार्वती ने अपने पुत्र के विजय प्राप्ति की कामना हेतु डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन कर और निर्जला व्रत किया। कार्तिकेयजी के विजयी होकर लौटने पर देवी पार्वती ने उदय होते सूर्य को विधि-विधान से अर्ध्य देकर अपना व्रत तोड़ा था।

## वृद्धा के पुत्र से जुड़ी पौराणिक कथा

सूर्य षष्ठी व्रत की अन्य कथा एक वृद्धा की कोई संतान नहीं थी। कार्तिक शुक्ल सप्तमी के दिन उसने संकल्प किया कि यदि उसके यहां पुत्र होगा तो वह यह सूर्य षष्ठी का व्रत करेगी। सूर्य भगवान की कृपा से उसे पुत्र की हो गयी, लेकिन वृद्धाने सूर्य षष्ठी का व्रत नहीं किया। लड़का बड़ा होगया, उसकी विवाह योग्य उम्र हो गायी। वृद्धा ने लड़के का विवाह करवा दिया। एक बार वृद्धा लड़का ओर उसकी पत्नी घर लौटते समय वर-वधू ने एक जंगल में विश्राम के लिए रुक गये । लेकिन नवविवाहित वधू ने वहां अपने पति को पालकी में मृत अवस्था में पाया। उसे देख नववधू विलाप करने लगी, जिसे सुनकर एक वृद्धा स्त्री उसके पास आकर बोली, मैं छठ माता हूं। तुम्हारी सास सदैव मुझसे अपनी कामना पूर्ति करवाती रहीं है, लेकिन तुम्हारी सास ने संकल्प करके भी कभी भी मेरा पूजन-व्रत नहीं किया। लेकिन तुम्हारा, विलाप देखकर में तम्हारे पति को जीवित कर देती हूं। तुम घर जाकर अपनी सास से इस विषय में बात करना, उससे यह व्रत विधि-विधान से संपन्न कराना। छठ माता ने उसके पति को जीवित कर दिया। घर जाकर वधू ने अपनी सास को संपूर्ण घटना बताई, तो सास को अपनी गलती का अहसास हुआ और उसने आगे से विधि-विधान से सूर्य षष्ठी का व्रत करने का पुनः संकल्प लिया था।

## सूर्य षष्ठी पर्व का वैज्ञानिक महत्व

विद्वानों का कथन हैं की सूर्य षष्ठी पर्व की परंपरा में बहुत ही गहरा वैज्ञानिक महत्व छिपा है। एसा देखा गया है की षष्ठी तिथि के आसपास के दिनों में एक विशेष खगोलीय बदलाव देखे जाते है, इस दौरान सूरज की अल्ट्रावाइलेट किरणों की मात्रा सामान्य से अधिक होती है। सूरज की अल्ट्रावाइलेट किरणों के कुप्रभावों से रक्षण करने का सामर्थ्य इस सूर्य षष्ठी पर्व की परंपरा में है।

***

# सर्व कार्य सिद्धि कवच

जिस व्यक्ति को लाख प्रयत्न और परिश्रम करने के बादभी उसे मनोवांछित सफलताये एवं किये गये कार्य में सिद्धि (लाभ) प्राप्त नहीं होती, उस व्यक्ति को सर्व कार्य सिद्धि कवच अवश्य धारण करना चाहिये।

**कवच के प्रमुख लाभ**: सर्व कार्य सिद्धि कवच के द्वारा सुख समृद्धि और **नव ग्रहों** के नकारात्मक प्रभाव को शांत कर धारण करता व्यक्ति के जीवन से सर्व प्रकार के दु:ख-दारिद्र का नाश हो कर सुख-सौभाग्य एवं उन्नति प्राप्ति होकर जीवन मे सभि प्रकार के शुभ कार्य सिद्ध होते हैं। जिसे धारण करने से व्यक्ति यदि व्यवसाय करता होतो कारोबार मे वृद्धि होति हैं और यदि नौकरी करता होतो उसमे उन्नति होती हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **सर्वजन वशीकरण** कवच के मिले होने की वजह से धारण कर्ता की बात का दूसरे व्यक्तिओ पर प्रभाव बना रहता हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **अष्ट लक्ष्मी** कवच के मिले होने की वजह से व्यक्ति पर सदा मां महा लक्ष्मी की कृपा एवं आशीर्वाद बना रहता हैं। जिस्से मां लक्ष्मी के अष्ट रुप (१)-आदि लक्ष्मी, (२)-धान्य लक्ष्मी, (३)- धैर्य लक्ष्मी, (४)-गज लक्ष्मी, (५)-संतान लक्ष्मी, (६)-विजय लक्ष्मी, (७)-विद्या लक्ष्मी और (८)-धन लक्ष्मी इन सभी रुपो का अशीर्वाद प्राप्त होता हैं।

- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **तंत्र रक्षा** कवच के मिले होने की वजह से तांत्रिक बाधाए दूर होती हैं, साथ ही नकारात्मक शक्तियो का कोइ कुप्रभाव धारण कर्ता व्यक्ति पर नहीं होता। इस कवच के प्रभाव से इर्षा-द्वेष रखने वाले व्यक्तिओ द्वारा होने वाले दुष्ट प्रभावो से रक्षा होती हैं।
- सर्व कार्य सिद्धि कवच के साथ में **शत्रु विजय** कवच के मिले होने की वजह से शत्रु से संबंधित समस्त परेशानिओ से स्वतः ही छुटकारा मिल जाता हैं। कवच के प्रभाव से शत्रु धारण कर्ता व्यक्ति का चाहकर कुछ नही बिगाड़ सकते।

अन्य कवच के बारे मे अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपर्क करे:

किसी व्यक्ति विशेष को सर्व कार्य सिद्धि कवच देने नही देना का अंतिम निर्णय हमारे पास सुरक्षित हैं।

# हर कष्ट दूर होते हैं हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ से

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

आज हर व्यक्ति अपने जीवन मे सभी भौतिक सुख साधनो की प्राप्ति के लिये भौतिकता की दौड मे भागते हुए किसी न किसी समस्या से ग्रस्त है। एवं व्यक्ति उस समस्या से ग्रस्त होकर जीवन में हताशा और निराशा में बंध जाता है। व्यक्ति उस समस्या से अति सरलता एवं सहजता से मुक्ति तो चाहता है पर यह सब केसे होगा? उस की उचित जानकारी के अभाव में मुक्त हो नहीं पाते। और उसे अपने जीवन में आगे गतिशील होने के लिए मार्ग प्राप्त नहीं होता। एसे मे सभी प्रकार के दुख एवं कष्टों को दूर करने के लिये अचुक और उत्तम उपाय है हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ।

## हनुमान चालीसा और बजरंग बाण ही क्यु ?

क्योकि वर्तमान युग में श्री हनुमानजी शिवजी के एक एसे अवतार है जो अति शीघ्र प्रसन्न होते है जो अपने भक्तो के समस्त दुखो को हरने मे समर्थ है। श्री हनुमानजी का नाम स्मरण करने मात्र से ही भक्तो के सारे संकट दूर हो जाते हैं। क्योकि इनकी पूजा-अर्चना अति सरल है, इसी कारण श्री हनुमानजी जन साधारण मे अत्यंत लोकप्रिय है। इनके मंदिर देश-विदेश सवत्र स्थित हैं। अतः भक्तों को पहुंचने में अत्याधिक कठिनाई भी नहीं आती है। हनुमानजी को प्रसन्न करना अति सरल है

हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ के माध्यम से साधारण व्यक्ति भी बिना किसी विशेष पूजा अर्चना से अपनी दैनिक दिनचर्या से थोडा सा समय निकाल ले तो उसकी समस्त परेशानी से मुक्ति मिल जाती है।

**"यह नातो सुनि सुनाइ बात है ना किसी किताब मे लिखी बात है, यह स्वयं हमारा निजी एवं हमारे साथ जुडे लोगो के अनुभत है।"**

## उपयोगी जानकारी

- हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के नियमित पाठ से हनुमान जी की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए प्रस्तुत हैं कुछ उपयोगी जानकारी ..
- नियमित रोज सुभह स्नान आदिसे निवृत होकर स्वच्छ कपडे पहन कर ही पाठ का प्रारम्भ करे।
- नियमित पाठ में शुद्धता एवं पवित्रता अनिवार्य है।
- हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ करते समय धूप-दीप अवश्य लगाये इस्से चमत्कारी एवं शीघ्र प्रभाव प्राप्त होता है।
- दीप संभव न होतो केवल ३ अगरबत्ती जलाकर ही पाठ करे।
- कुछ विद्वानो के मत से बिना धूप से हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ प्रभाव हिन होता है।
- यदि संभव हो तो प्रसाद केवल शुद्ध घी का चढाए अन्य था न चढाए
- जहा तक संभव हो हनुमान जी का सिर्फ़ चित्र (फोटो) रखे।

- यदि घर मे अलग से पूजा घर की व्यवस्था हो तो वास्तुशास्त्र के हिसाब से मूर्ति रखना शुभ होगा। नही तो हनुमान जी का सिर्फ़ चित्र (फोटो) रखे।
- यदि मूर्ति हो तो ज्यद बडी न हो एवं मिट्टी कि बनी नही रखे।
- मूर्ति रखना चाहे तो बेहतर है सिर्फ़ किसी धातु या पत्थर की बनी मूर्ति रखे।
- हनुमान जी का फोटो/ मूर्ति पर सुखा सिंदूर लगाना चाहिए।
- नियमित पाठ पूर्ण आस्था, श्रद्घा और सेवा भाव से की जानी चाहिए। उसमे किसी भी तरह की संका या संदेह न रखे।
- सिर्फ़ देव शक्ति की आजमाइस के लिये यह पाठ न करे।
- या किसी को हानि, नुक्सान या कष्ट देने के उद्देश्य से कोइ पूजा पाठ नकरे।
- एसा करने पर देव शक्ति या इश्वरीय शक्ति बुरा प्रभाव डालती है या अपना कोइ प्रभाग नहि दिखाती! एसा हमने प्रत्यक्ष देखा है।
- एसा प्रयोग करने वालो से हमार विनम्र अनुरोध है कृप्या यह पाठ नकरे।
- समस्त देव शक्ति या इश्वरीय शक्ति का प्रयोग केवल शुभ कार्य उद्देश्य की पूर्ति के लिये या जन कल्याण हेतु करे।
- ज्यादातर देखा गया है की १ से अधिक बार पाठ करने के उद्देश्य से समय के अभाव मे जल्द से जल्द पाठ कने मे लोग गलत उच्चारण करते है। जो अन उचित है।
- समय के अभाव हो तो ज्यादा पाठ करने कि अपेक्षा एक ही पठ करे पर पूर्ण निष्ठा और श्रद्घा से करे।
- पाठ से ग्रहों का अशुभत्व पूर्ण रूप से शांत हो जाता है।

यदि जीवन मे परेशानीयां और शत्रु घेरे हुए है एवं आगे कोइ रास्ता या उपाय नहीं सुझ रहा तो डरे नही नियमित पाठ करे आपके सारे दुख-परेशानीयां दूर होजायेगी अपनी आस्था एवं विश्वास बनाये रखे।

***

# वास्तु: मानसिक अशांति निवारण उपाय

संकलन गुरुत्व कार्यालय

आज की भागदौड़ से भरी जिंदगी मैं हर व्यक्ति अपने काम में व्यस्त हैं। जिस कारण से अधिकतर लोग मानसिक शांति से ग्रस्त होते है। व्यस्ता एवं भौतिकता से भरी दिनचार्या में व्यक्ति के पास अपने स्वयं के लिए भी वक्त ही नहीं होता है। यदि आप इस तरह की परेशानी से ग्रस्त हैं और आप मानसिक कष्ट तनाव इत्यादी से मुक्ति चाहते हैं, तो इस वास्तु सुझावो को जीवन में अवश्य आजमाकर देख ले आपको निश्चित लाभ प्राप्त होगा।

* अपने शयन कक्ष में रात में झूठे बर्तन न रखें। सोने से पूर्व बर्तनो को साफ करले। इससे स्त्री वर्ग का स्वास्थ्य प्रभावित होता हैं व धन का अभाव बना रहता हैं।

* मानसिक तनाव हो, जाए तो कमरे में शुद्ध घी का दीपक जला कर रखें।
* शयन कक्ष में झाड़ू इत्यादि सफाई की सामग्री न रखें। इससे व्यर्थ की चिंता रहेगी।
* यदि मानसिक तनाव अधिक हो जाएं तो, तकिए के नीचे लाल चंदन रखकर सोएं लाभ प्राप्त होगा।
* सुबह-संध्या पूजन में घी और कपूरका दिप अवश्य जलाये। जिससे निवास स्थान या व्यवसायिक स्थानो से नकारात्मक उर्जा दूर होती हैं।
* शास्त्रोक्त नियमो के अनुशार संध्या समय अर्थात धूप-दिप के समय सोना, खाना, स्नान करना वर्जित माना गया हैं। अतः इन कार्यो को करने से त्यागदे।
* संध्या समय अर्थात धूप-दिप के समय हाथ-पैर धो सकते हैं।
* धूप-दिप के समय अपने निवास स्थान या व्यवसायिक स्थानो पर सुगंधित व पवित्र अगरबत्ति, धुप इत्यादि अवश्य करें।

* अपने शयन कक्ष में रात में झूठे बर्तन न रखें। सोने से पूर्व बर्तनो को साफ करले। इससे स्त्री वर्ग का स्वास्थ्य प्रभावित होता हैं व धन का अभाव बना रहता हैं।
* मानसिक तनाव हो, जाए तो कमरे में शुद्ध घी का दीपक जला कर रखें।
* शयन कक्ष में झाड़ू इत्यादि सफाई की सामग्री न रखें। इससे व्यर्थ की चिंता रहेगी।
* यदि मानसिक तनाव अधिक हो जाएं तो, तकिए के नीचे लाल चंदन रखकर सोएं लाभ प्राप्त होगा।
* सुबह-संध्या पूजन में घी और कपूरका दिप अवश्य जलाये। जिससे निवास स्थान या व्यवसायिक स्थानो से नकारात्मक उर्जा दूर होती हैं।
* शास्त्रोक्त नियमो के अनुशार संध्या समय अर्थात धूप-दिप के समय सोना, खाना, स्नान करना वर्जित माना गया हैं। अतः इन कार्यो को करने से त्यागदे।
* संध्या समय अर्थात धूप-दिप के समय हाथ-पैर धो सकते हैं।
* धूप-दिप के समय अपने निवास स्थान या व्यवसायिक स्थानो पर सुगंधित व पवित्र अगरबत्ति, धुप इत्यादि अवश्य करें।

# जप माला का महत्व

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

धर्म शास्त्रों में माला को विशेष महत्व दिया गया हैं। देवी-देवता को प्रसन्न करने हेतु शास्त्रों में माला का विशेष महत्व बताया गया हैं। मन्त्र साधना में भी माला का विशेष महत्व बताया गया हैं। क्योकि मन्त्र साधना की पूर्ण क्रिया एवं सफलता माला पर निर्भर होती हैं। मन्त्र के जप के समय मन्त्रोच्चारण की गणना माला पर करना सुविधाजनक और सरल होता हैं।

विद्वानो का कथन हैं की मन्त्र जप एवं इष्ट सिद्धि के लिए यदि निश्चित माला का प्रयोग किया जाए तो वह अधिक कारगर होता हैं। क्योकि संबंधित देवी-देवता की प्रिय वस्तु या पदार्थ से बनी होने के कारण एवं उस में कुछ विशेष गुण होने से माला शीघ्र फल प्रदान करने वाली होती हैं।

माला का मूल लाभ होता हैं की मन्त्रों की गणना आसानी से हो सके और दूसरा लाभ होता हैं शास्त्रों में वर्णित हैं की किसी माला विशेष से मन्त्र जाप करने से मन्त्र जाप का प्रभाव कई गुना बढ जाता हैं। आपके मार्गदर्शन के लिए शास्त्रोक्त मत भी संलग्न किए गए हैं।

**प्रमुख ग्रंथकारो ने माला के तीन प्रकार बताये हैं।**

1) कर माला

2) वर्ण माला

3) मणि माला

## कर माला:

कर माला जप उसे कहते हैं जिस में मन्त्र का जप उँगलियों के पोरों पर निश्चित क्रम में किया जाता हैं, इस जप में पर्व के क्रम पर विशेष ध्यान रखना पड़ता हैं। इस लिये लम्बी अवधि की साधना या मन्त्र जप के लिये यह उपयुक्त नहीं हैं। जब मन्त्र जप हजारों - लाखों की संख्या में करने हो तो कर माला पर करना कष्ट प्रद होता हैं। कर माला का प्रयोग दैनिक जप में या छोटी संख्या के जप में किया जाता हैं। कर माला से मन्त्र जप करने के कुछ शास्त्रोक्त नियम बताए गए हैं।

अनामिका के मध्य भाग से नीचे की ओर गिने, फिर कनिष्ठा के मूल से अग्रभाग तक। इसके बाद अनामिका और मध्यमा के अग्रभाग होकर तर्जनी के मूल तक गिनती करें। इस प्रकार से अनामिका के दो, कनिष्ठा के तीन, पुनः अनामिका का एक, मध्यमा का एक, और तर्जनी के तीन पर्व कुल मिलाकर दस संख्या होती हैं।

### इस विषय में शास्त्रोक्त मत हैं:-

*आरम्भ्यानामिका मध्यम् पर्वानयुक्तान्यनुक्रमात्।*
*तर्जनीमूलपर्यन्तं जपेद्दशसु पर्वसु॥*
*मध्यमांगुलिमूले तु यतपर्व द्वितयं भवेत्।*
*तं वैं मेरुं विजानीयज्जाप्पेतं नातिलंघयेत्॥*

**अर्थात:** उँगुली के मध्य पर्व (पोर) से आरम्भ कर के क्रम से 10 पर्वों पर बराबर जपे। लेकिन मध्यम अंगुली के जड़ के दो पर्वों को छोड़ दे, क्योंकि वे अंगुली के मेरु हैं और जप में मेरु का लंघन नहीं किया जाता हैं।

कर माला के इस क्रम से प्रायः सभी विद्वान सहमत हैं। लेकिन विभिन्न अनुष्ठानो एवं साधनाओं के अन्तर होने पर क्रम में बदलाव संभव हैं।

### देवी अनुष्ठान:

कुछ विशेष देवी अनुष्ठानो में अनामिका के दो पर्व, कनिष्ठा के तीन, पुनः अनामिका के अग्रभाग का एक,

मध्यमा के तीन, और तर्जनी के मूल का एक पर्व कुल मिलाकर दस संख्या होती हैं।

### लक्ष्मी अनुष्ठान:

मन्त्र साधना के जानकार एवं विद्वानो के मत से कुछ विशेष लक्ष्मी अनुष्ठा में मध्यमा के मूल में एक, अनामिका के मूल में एक, कनिष्ठा के तीन, अनामिका और मध्यमा के एक-एक अग्रभाग और तर्जनी के तीन इर अप्रकार कुल मिलाकर दस संख्या पूर्ण होती हैं।

### कर माला पर मन्त्र जप के नियम:

- कर माला पर जप करते समय उंगलियां परस्पर एक दूसरे से जुड़ी हुई रखे, अलग-अलग न रखें।
- हथेली को थोड़ी अंदर की तरफ मुड़ी हुई रखे।
- कर माला करते समय मेरु का उल्लंघन न करें। मध्यमा के दो पर्व को मेरु कहा जाता हैं।
- कर माला करते समय पर्वो की संधि का स्पर्श निषिद्ध माना गया हैं।
- हाथो को हृदय के सामने उंगलियों को थोड़ी झुकाकर और वस्त्र से ढककर ही जप करना चाहिए।
- दस की संख्या में किए जाने वाले जप की गिनती करने के लिए लाख अर्थात लक्ष, सिन्दूर और गौ के सूखे कंडे (उपले) का चूर्ण कर के इन सबके मिश्रण की गोलियां बनाकर उन्से गणना करनी चाहिए।
- अक्षत, उंगली, पुष्प, चन्दन, मिट्टी, कंकड़ आदि का प्रयोग दशकों की गणना हेतु करना वर्जित हैं।

### वर्णमाला:

वर्णमाला का प्रयोग अन्तर जप और बहिर जप दोनो प्रकार के जप में समान रुप से किया जाता हैं।

वर्णमाला जप अर्थात अक्षरों के अक्षरों के दवारा अंख्या की गणना करना। इसके जप करने का विधान यह हैं कि पहले वर्णमाला का एक अक्षर बिन्दु लगाकर उच्चारण करें, फिर मन्त्र का, जिसके कारण मन्त्र जप की कूल संख्या 50 होगी।

अ वर्ग के = 16
क से प तक के = 25
य से ह तक के = 8
पुनः एक लकार = 1

कुल 50

**अ वर्ग के सोलह वर्ण इस प्रकार हैं:-**

*अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः*

**क वर्ग से प वर्ग तक के पच्चीस वर्ण इस प्रकार हैं:-**

*क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म*

**य वर्ग से ह कार तक आठ वर्ण इस प्रकार हैं:-**

*य र ल व श ष स ह*

**लकार (ळकार) का एव वर्ण हैं:-**

*ळ*

इस प्रकार पचार की संख्या हो जाने पर फिर लकार से लौटकर अकार तक आने पर पचास और हो जायेंगे, इस प्रकार कुल मिलाकर सौ की संख्या पूर्ण हो जाती हैं।

- वर्ण माला में **"क्ष"** को सुमेरु माना जाता हैं अतःअ इसका उल्लंघन निषिद्ध हैं।
- संस्कृत में **"त्र"** और **"ज्ञ"** को स्वतंत्र अक्षर नहीं माने जाते सयुक्त अक्षर माने जाते हैं। इस लिए इन अक्षरों की गणना नहीं की जाती।

इस कारण गणना में सात वर्ग की जगह आठ वर्ग होते हैं। आठवां वर्ग "शकार" से प्रारंभ होता हैं। इसके द्वारा " अं कं चं टं तं पं यं शं" यह गणना करके आठ बार और जप करना चाहिए।

इस प्रकार जप की संख्या 108 हो जाती हैं।

इसे अक्षर माला के मणि माना जाता हैं। इनका मूल सूत्र कुण्डलिनी शक्ति हैं, जो मूलाधार चक्र से आज्ञाचक्र तक सूत्र रुप में विद्यमान हैं। इस प्रकार यह जप आरोह-अवरोह अर्थात उपर से नीचे तथा पुनः नीचे से ऊपर होता हैं। इस प्रकार किया हुआ जप पूर्ण एवं शीघ्र सिद्धि प्रदान करने वाला होता हैं।

## मणिमाला:

जिन साधकों को अधिक संख्या में जप करने हो, उन्हें मणिमाला का प्रयोग करना चाहिए। इस माला को मणियों से अर्थात मनिया या मनकों से पिरोई होने के कारण ही इसे मणिमाला कहा जाता हैं। यह माला कई पदार्थों से बनी हुई होती हैं। मणिमाला रत्न, रुद्राक्ष, तुलसी, चंदन, शंख, कमलगट्टा (कमल बीज), सुवर्ण, चांदी, कुशमूल, स्फटिक, मोती, हल्दी, पुत्रजीवा की बीज इत्यादि पदार्थों की मालाएं सामान्यतः प्रयोग की जाती हैं।

सामान्यतः वैष्णवों के लिए तुलसे तथा शैवों, शाक्तों के लिए रुद्राक्ष की माला सर्वोत्तम मानी गई हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रहें की एक पदार्थ की माला में दूसरे पदार्थ का प्रयोग न किया गया हों।

- मन्त्र जप के लिए संबंधित देवी-देवता से संबंधित पदार्थ की माला का प्रयोग करना शीघ्र फल प्रदान करने वाला होता हैं।
- अलग-अलग कामनापूर्ति, मन्त्र साधना या अनुष्ठा में शीघ्र सफलता प्राप्त हो इस लिए भी अलग-अलग पदार्थों की माला का प्रयोग करना चाहिए।
- माला के मनके(दाने) एक समान आकार के हो, छोटे बड़े न हों।
- माला में कुल 108 मनको के साथ 1 सुमेरु अलग से होना चाहिए।
- शास्त्रोक्त विधान के अनुसार माला में प्रयोग होने वाला धागा कुंवारी ब्राह्मण कन्या द्वारा सूत कातकर बनाया बनागा गया हों, तो शीघ्र फलदेने वाला होता है ।
- रुद्राक्ष के दानों की माला बनाते समय मनके पिरोते समय रुद्राक्ष के मुहं और पुच्छ का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रुद्राक्ष में मुहं का भाग कुछ ऊँचा होता है और पुच्छ का भाग नीचा होता हैं। रुद्राक्ष के मनके पिरोते समय रखना चाहिये की दो रुद्राक्ष के दानों के मुहं से मुहं परस्पर मिलते हों, और पुच्छ से पुच्छ परस्पर मिलते हों।
- वशीकरण में रक्त वर्ण के सूत की माला का प्रयोग करें, शांति कर्म में सफेद(श्वेत) वर्ण के सूत की माला, अभिचार कर्म में कृष्ण वर्ण अर्थात काले वर्ण के सूत की माला का प्रयोग करना लाभदायक होता हैं। ऐश्वर्य एवं संपत्ति की प्राप्ति के लिये रेशमी सूत से बनी माला का प्रयोग करना चाहिए।
- कुछ विद्वानो का मत हैं की ब्राह्मण वर्ग के लोगो कों श्वेत वर्ण के सूत की माला, क्षत्रिय वर्ग के लोगो कों रक्त वर्ण के सूत की माला, वैश्य वर्ग के लोगो कों पीत वर्ण के सूत की माला और शूद्रों वर्ग के लोगो कों कृष्ण वर्ण के सूत की माला का प्रयोग करना श्रेष्ठ होती हैं।

- रक्त वर्ण के सूत से बनी माला का प्रयोग सब वर्णों के लोग प्रायः सभी प्रकार के अनुष्ठान में कर सकते हैं।
- दों मनको के बीच में गांठ लगाई हुई माला प्रयोग और बिना गांठ लगी माला का प्रयोग समान रुप से किया जा सकता हैं।
- माला को सोने-चांदी के तार में भी गूंथ कर बनाया जा सकता हैं।
- सुमेरु के पार गांठ तीन फेरे की या ढाई फेरे के लगानी चाहिए।
- माला का प्रत्येक मनका पिरोते समय इष्ट मन्त्र का जप या **"ॐ"** का उच्चारण करते रहना चाहिए।

विशुद्ध दोषरहीत उपयुक्त माला की प्राप्ति के बाद या माला का विधिवत निर्माण कार्य संपन्न हो जानेके पश्चयात मालाका संस्कार अवश्य करना या करवा लेना चाहिये।

# अंग फड़कने से शुकन अपशुकन

संकलन गुरुत्व कार्यालय

- मानव शरीर के विभिन्न अंगों में कभी कभी फड़क होती हैं।
- अंग फड़क्ने का कारण मानव शरीर में उतपन्न होने वाले वायु-विकार आदि के कारण शरीर कि माशपेशी में रह रहकर थोडा उभरना और दबना बताया जाता हैं।
- हमारे भारत में अंगो के फड़कने के आधार पर शुभ-अशुभ ज्ञात करने की धारणा सालो से प्रचलित रही हैं।
- प्रायः पुरुष का दाहिना (Right) अंग और स्री का बांया (Left) अंग फड़कना शुभ माना जाता हैं।
- यदि बाएं पैर की पहली और आखिरी उंगली फड़के, तो लाभ होता हैं।
- यदि दाएं पैर की पहली और आखिरी उंगली फड़के तो अशुभ होता हैं।
- यदि पांव की पिंडलीयां फड़कने से काम में बाधा उतपन्न होती हैं एवं यह शत्रु द्वारा परेशानी का संकेत हैं। दायां घुटना फड़के, तो अशुभ फल कि प्राप्ति और बायां फड़के, तो शुभ फल कि प्राप्ति होती हैं।
- यदि बायां पैर फड़कना शुभ होता हैं, दायां पैर फड़कने से मुसीबतों का अंत होने का संकेत हैं।
- यदि बाईं जांघ के फड़कने से दोस्त से सहायता मिलने का संकेत हैं।
- यदि दाईं जांघ फड़कने से शत्रु शांत होने का संकेत हैं।
- यदि दाएं हाथ का अंगूठा फड़कने से शुभ समाचार मिलने का संकेत हैं।
- यदि बाएं हाथ का अंगूठा फड़कने से हानी होने का संकेत हैं।
- यदि यदि मस्तक फड़के तो भूमि लाभ मिलने का संकेत हैं।
- यदि यदि कंधा फड़के तो भोग-विलास में वृद्धि होने का संकेत हैं।
- यदि दोनों भौंहों के मध्य भाग में फड़कन होतो सुख प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि कपाल फड़के तो शुभ कार्य होने का संकेत हैं।
- यदि आँख का फड़कना धन प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि आँख के कोने फड़के तो आर्थिक उन्नति होने का संकेत हैं।
- यदि आँखों के पास का हिस्सा फड़के तो प्रिय व्यक्ति से मिलन होने का संकेत हैं।
- यदि हाथों का फड़कना उत्तम कार्य द्वारा धन प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि वक्षःस्थल का फड़कना विजय प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि हृदय फड़के तो इष्ट सिद्धी प्राप्त होने का संकेत हैं।
- यदि नाभि के फड़क्ने से स्त्री वर्ग को हानि होने का संकेत हैं।
- यदि पेट का फड़कना कोष वृद्धि होने का संकेत हैं।
- यदि गुदा का फड़कना वाहन सुख कि प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि कण्ठ के फड़कने से ऐश्वर्य लाभ कि प्राप्ति का संकेत हैं।
- यदि मुख के फड़कने से मित्र द्वारा लाभ होने का संकेत हैं।
- यदि होठों का फड़कना प्रिय वस्तु की प्राप्ति का संकेत हैं।

# रत्नों का अद्भुत रहस्य

संकलन गुरुत्व कार्यालय

गतांक से आगे...

## पन्ना

बुध का रत्न पन्ना बुध ग्रह के शुभ फलों की प्राप्ति हेतु धारण किया जाता हैं।

पन्ना को बुध का रत्न माना गया है। पन्ना बुध ग्रह का प्रतिनिधि रत्न माना जाता है

इसे विभिन्न नामों से पुकारा जाता है-

**हिन्दी मे :-** पन्ना

**सस्कृत मे :-** पन्ना, मरकत, पाचि, गुरुत्मत, हरितमणि, गरुडांकित गरतारि, सौपर्णि, गरुड़ोदूर्गीर्ण आदि नाम से जाना जाता हैं।

**फ़ारसी मे :-** जमुईद, जमरन,

**अंग्रेजी :-** एमराल्ड

पन्ना रत्न को अति प्राचीन बहुप्रचलित व मूल्यवान माना जाता हैं। पन्ना मूल रुप से बैरूज जाति के पत्थर में से एक विशिष्ठ जाति का पत्थर होता हैं। उत्तम गुणो वाला पन्ना हरी मखमली घास के समान अति सुन्दर हरे रंग का होता हैं। पन्ना गहरे हरे रंग से लेकर हल्के हरे रंग का होता हैं। जानकारो की माने तो पन्ना पीले व गुलाबी रंग का भी पाया जाता हैं। लेकिन गहरे हरें रंग के पन्न सर्वश्रेष्ठ होते हैं।

पन्ना भारत में अधिकतर अजमेर व उदयपुर के अलाव अन्यस्थानो से प्राप्त होता हैं। विदेशों में पन्ना रुस, पाकिस्तान, कोलम्बिया (अमेरिका), ब्राजील, रोडेशिया(अफ्रीका), मिस्र, सेन्डेवान(अफ्रीका), मेडागास्कर आदि स्थानों से प्राप्त होता हैं।

कोलम्बिया के पन्ना की मांग आज बाजारो में सर्वाधिक हैं। पन्ना पारदर्शी और अपारदर्शी दोनों तरह के होते है। कम मूल्य के पारदर्शी पन्ना रत्न में प्रायः बादल जैसा रेशा या हल्का-सा जाला होता हैं, दोष रहित पन्ना कम ही प्राप्त होते हैं इस लिये दोष रहित पन्ना का मूल्य अंतराष्ट्रित बाजारो में अधिक होता हैं।

**पन्ना मुख्यतः पांच रंगों में पाया जाता है**

1. मयूरपंख के रंग के समान रंग का
2. हरे पानी के रंग के समान रंग का
3. सरसों के पुष्प के समान रंग का
4. हल्का शेन्डूल पुष्प के समान रंग का
5. तोते के पंख के समान हरे रंग का

### पन्ना धारण करने से लाभ:

- पन्ने का विशेष गुण हैं की वह धारण कर्ता में उत्तेजना एवं मादक भाव पैदा करता हैं।
- इस लिये पूरातन काल में राजा-महाराजा पन्ने के बने गिलासों में शराब पीया करते थे एसी मान्यता हैं की पन्ने के बने गिलासों शराब पीने से शराब का नशा कई गुना बढ़ जाता हैं।
- पन्ना धारण करने से नेत्ररोग एवं ज्वरनाशक होता हैं।
- पन्ना सन्निपात, दमा, फोडे आदि व्याधियों को को दूर करता हैं।
- पन्ना धारण कर्ता के शरीर में बल एवं वीर्य की वृद्धि करता हैं।
- पन्ना धारण करने से व्यक्ति का चंचल चित्त शांत व संयमित हो जाता हैं। जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति प्राप्त होती हैं और व्यक्ति का मन एकाग्र हो जाता है।
- पन्ना काम, क्रोध आदि विकारों को शांत कर व्यक्ति को असीम सुख शान्ति प्रदान करता हैं।
- विद्या अध्ययन से जुड़े व्यक्ति को मन की उत्तम एकाग्रता एवं कुशाग्र बुद्धि की प्राप्ति हेतु पन्ना अवश्य धारण करना चाहिए।

## मान्यता:

- पन्ना की और देखने से आँखों को शीतलता महसूस होती हैं।
- असली पन्ने को लकड़ी पर रगड़ने से इसकी चमक में वृद्धि होती है।
- असली पन्ने पर पानी की बूंद रखने से बूंद पन्ना पर बनी रहती है, फैलती नहीं हैं।
- इसमें भंगुरता होने के कारण यह जोर से ठोकर लगने पर या गिरने से टूट सकता है।
- पन्ना को सूर्य की रोशनी मे देखने से हरे रंग की छाया निकलती है |
- कांच के गिलास में पानी भर कर पन्ना को इस गिलास में डाल देने से पानी से हरे रंग की किरणे स्फूरीत होती हैं।

## रोग और पन्ना:

- पन्ना धारण करने से शारीरिक बल एवं सौदर्य में वृद्धि होती हैं।
- पन्ना बुखार, उल्टी, विष, बवासीर इत्यादि रोगो में अति लाभदायक हैं।
- पथरी, मूत्र रोग आदि में पन्ना की भस्म लाभदायक होती हैं।

## पन्ना के दोष

- विद्वानो के मत से पन्ना में विशेष कर निम्न दोष पाए जाते हैं, अतः दोष-युक्त पन्ना कभी भी धारण नहीं करना चाहिए। दोष युक्त पन्ना धारण करने से लाभ के स्थान पर हानि हो सकती हैं।
- जिस पन्ने का रंग सोने के समान हो या उसका मुख पीले रंग का हो, तो इस प्रकार के पन्ना को धारण करने से सभी प्रकार से हानिकारक सिद्ध होता हैं।
- जिस पन्ने में रक्त वर्ण के लाल छींटे हो ऐसा पन्ना धारण करने से सुख-सम्पति को नष्ट हो जाती हैं।
- शहद के रंग के समान रंग वाला पन्ना धारण करना माता-पिता के लिए हानिकारक होता हैं।
- जिस पन्ने में पीले रंग के छींटे हो ऐसा पन्ना धारण करने से संतान पक्ष के लिए हानिकारक होता हैं।
- जिस पन्ने में दो से अशिक रंग हो, एसा पन्ना धारण करने से व्यक्ति के बल, वीर्य और बुद्धि का नाश करने वाला होता हैं।
- जिस पन्ने में जाल जैसी रेखाओं का समूह हो ऎसा पन्ना धारण करना स्वास्थ्य के लिए हानि होता हैं।
- जो पन्ना देखने में चमकहीन हो, उल्टा देखने से सुन्न सा उदास या चमकहीन दिखाई देता हों, ऎसा पन्ना धारण करने से धनहानि होती हैं।
- जिस पन्ने में छोटी-छोटी टूटी हुई धारियों दिखे, ऎसा पन्ना धारण करने से वंशवृद्धि हेतु हानि करता हैं।
- जिस पन्ने में गड्ढा हो, ऎसा पन्ना धारण करने से आकस्मिक दुर्घट्ना होने की संभावना को बढाता हैं।
- जिस पन्ने में काले धब्बे दिखाई देते हों, ऎसा पन्ना धारण करना स्त्री के लिए हानिकारक होता हैं।
- जिस पन्ने सीधी रेखा दिखाई देते हों, ऎसा पन्ना धारण करना धन का करने वाला होता हैं।

जिस पन्ने को देख ने से वह खुरदरा दिखाई देता हो या उसका रंग फटा-फटा सा दिखाई देता हो, ऎसा पना धारण करने से हानि होती हैं।

>> क्रमशः अगले अंक में ...

***

# प्रकृति की अलौकिक देन रुद्राक्ष धारण करने से लाभ

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

गतांक से आगे...

## तीन मुखी रुद्राक्ष:

- तीन मुखी रुद्राक्ष थोडा लंबे आकार में व गोलाकार स्वरुप दोनो स्वरुपों में प्राप्त होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष साक्षात अग्नि का स्वरुप हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से गंभिर बीमारियों से रक्षा होती हैं।
- यदि कोई लम्बे समय से रोगग्रस्त हैं तो उसके तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से रोग से शीघ्र मुक्ति मिलती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना पीलिया के रोगी के लिए अत्याधिक लाभकारी होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्फूर्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि होती हैं।
- जानकारों के मतानुशार तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्त्री हत्या इत्यादि पापों का नाश होता हैं। कुछ विद्वानो का मत हैं की तीन मुखी रुद्राक्ष ब्रह्म हत्या के पाप को नाश करने में भी समर्थ हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीत ज्वर दूर होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अद्भुत विद्या की प्राप्ति होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना मंदबुद्धि बच्चों के बौधिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता हैं।
- निम्न रक्तचाप को दूर करने में भी तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभदायक होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अग्निदेव की कृपा प्राप्त होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष से अग्नि भय से रक्षण होता हैं।

**तीनमुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-**

*ॐ रं हुं ह्रीं हुं ओं॥*

## चार मुखी रुद्राक्ष:

- चार मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रहमा का स्वरुप हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से बौधिक शक्ति का विकास होता हैं।
- विद्याध्ययन करने वाले बच्चो के बौधिक विकास एवं स्मरण शक्ति के विकास के लिए चार मुखी रुद्राक्ष उत्तम फलदायि सिद्ध होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से वाणी में मिठास आती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक विकार दूर होते हैं।
- विद्वानो का कथन है की चार मुखी रुद्राक्ष के दर्शन एवं स्पर्श से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थो की शीघ्र प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जीव हत्या के पापों का नाश होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को अभीष्ट सिद्धियों को प्राप्त करने में सहायक व कल्याणकारी हैं।

**चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-**

*ॐ व्रां क्रां तां हां ईं॥*

>> क्रमश: अगले अंक में ...

***

# वर्णमाला के अनुसार स्वप्न फल विचार

संकलन गुरुत्व कार्यालय

गतांक से आगे...

- स्वप्न में खरोंच लगना शरीर स्वस्थ होने का संकेत है।
- स्वप्न में खटमल देखना जीवन में संघर्ष बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खटमल मारते देखना कठिनाई से छुटकारा मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खरबूजा देखना कार्य क्षेत्र में सफलता मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में ख़त पढ़ना किसी शुभ समाचार के मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खरगोश देखना स्त्री से बेवफाई का संकेत है।
- स्वप्न में खलिहान देखना मान-सम्मान बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खटाई खाते देखना धन हानि होने का संकेत है।
- स्वप्न में खंभा (लोहे का) देखना शीघ्र विवाह होने और कार्य में सफलता मिलने का संकेत हैं।
- स्वप्न में खंभा या मीनार देखना दिर्धायु होने और सुख शान्ति बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खाली खटिया देखना किसी बीमारी से कष्ट मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खाली बर्तन देखना कार्य में नुक्शान होन का संकेत है।
- स्वप्न में खिलखिलाते देखना दुखद समाचार मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खिल्ली उडाते देखना स्वजनों से निराशा मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खिलौना देखना सुख मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खुजली होते देखना रोग से छुटकारा मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में ख़ुशी मिलते देखना परेशानी बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खुशबू लगाते देखना सम्मान बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खून देखना धन लाभ मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में खून-खराबा होते देखना सौभाग्य वृद्धि होन का संकेत है।
- स्वप्न में खून की वर्षा होते देखना राज्य या देश में अकाल पड़ने का संकेत है।
- स्वप्न में खून में लुढ़के देखना धन-सम्पति प्राप्त होने का संकेत है।
- स्वप्न में खेल कूद में भाग लेते देखना भाग्योदय होने का संकेत है।
- स्वप्न में खेत देखना दूरस्थ स्थानो की यात्रा एवं विद्या, धन की वृद्धि का संकेत है।
- स्वप्न में खेत काटते देखना पत्नी से मन मुटाव होने का संकेत है।
- स्वप्न में खोपडी देखना बौधिक कार्यो में सफलता मिलने का संकेत है।

- स्वप्न में गधा देखना स्वजनो से प्यार मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गधे पर माल लदा हुआ देखना व्यापार में लाभ मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गधे की चीख निकलते सुनना दुख मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गधे की सवारी करते देखना शुभ समाचार मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गाय देखना उत्तम धन लाभ प्राप्त होने का संकेत है।
- स्वप्न में गाय या बैल को पीले रंग की देखना राज्य या देश में महामारी होने का संकेत है।
- स्वप्न में गरम पानी देखना बुखार या अन्य बीमारी होने का संकेत है।
- स्वप्न में गंजा सिर देखना परीक्षा में पास होने एवं मान-सम्मान बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में गली देखना, सुनसान गली देखने से लाभ की प्राप्ति का संकेत एवं भीड़-भाड़ वाली गली देखने से मृत्यु का समाचार मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गवाही देते देखना किसी अपराध में फंसने का संकेत है।
- स्वप्न में गमला देखना, गमला खाली देखने पर झमेले में फसने का संकेत, गमले में फूल खिले देखने पर शुभ संकेत है।
- स्वप्न में गलीचा अथवा क़ालीन देखना या उस पर बैठना किसी प्रियजन के यहाँ शोक में शामिल होने का संकेत है।
- स्वप्न में ग्वाला (दूधवाला) या ग्वालिन (दूधवाली) को देखना शुभ फल मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गाड़ी देखना यात्रा सफल होने का संकेत है।
- स्वप्न में गाजर देखना खेत में फसल अच्छी होने का संकेत है।
- स्वप्न में गालिया देते देखना समाज में बदनामी होने का संकेत है।
- स्वप्न में गायत्री मंत्र का पाठ करते देखना सकल मनोरथों की पूर्ति एवं सुख समृद्धि बढ़ने का संकेत है।
- स्वप्न में गिलास देखना अनावश्यक खर्चो में कटोटी का संकेत है।
- स्वप्न में गिनती करते देखना कार्य में हानि होने का संकेत है।
- स्वप्न में गिरगिट देखना किसी झगडे में फसने का संकेत है।
- स्वप्न में गिलहरी को देखना अत्यंत शुभ संकेत है।
- स्वप्न में गीदढ़ को देखना शत्रु से कष्ट मिलने का संकेत है।
- स्वप्न में गीली वस्तु देखना लम्बी बीमारी से कष्ट होने का संकेत है।
